कार्यालय उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) टिब्बी, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

E-mail:- sdmtibbi@gmail.com

Phone No. 01539-235

क्रमांक / राजस्व / 25 / 731

दिनांक :- 14 / अगस्त / 2025

तहसीलदार राजस्व

टिब्बी।

विषय :- बअनवानी नगरपालिका टिब्बी बनाम तहसीलदार टिब्बी मु0न0 136 / 2025 की पालना के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि न्यायालय हाजा द्वारा बअनवानी नगरपालिका टिब्बी बनाम तहसीलदार टिब्बी मु0न0 136 / 2025 में दिनांक 08.08.2025 को निर्णय पारित किया गया है। निर्णय की प्रमाणित प्रतिलिपि पत्र के साथ संलग्न कर आपको भिजवाया जाकर निर्देशित किया जाता है कि उक्त निर्णय की पालना नियमानुसार राजस्व रिकोर्ड में की जाकर पालना रिपोर्ट इस कार्यालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

सलंग्न – उपरोक्तानुसार।

उपखण्ड अधिकारी

टिब्बी

उपखण्ड अधिकारी

टिब्बी (हनुमानगढ़)

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) टिब्बी, जिला हनुमानगढ़
## पीठासीन अधिकारी :–श्री सत्यनारायण आर.ए.एस.

मि0न0 – 136 / 2025

**अनवान :** –

1. नगरपालिका टिब्बी जरिये अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका टिब्बी तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ ।

**प्रार्थी**

**बनाम्**

1. तहसीलदार राजस्व टिब्बी तहसील टिब्बी जिला हनुमागनढ।

**अप्रार्थीगण**

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा
131–136 एलआरएक्ट
महेश गौड़ अधिवक्ता प्रार्थी
राजपैरोकार

संक्षेप में प्रार्थना पत्र के तथ्य इस प्रकार है कि चक न. 8 जी.जी. आर. जमाबन्दी सम्वत् 2075 – 78 के खाता संख्या 616 / 579 प0न0 201 / 284 मु0न0 43 के किला न. 1 / .070, 2 / .230, 9 / .180 कुल 0.418 है0 गैर मुमकिन दफ्तर दर्ज है। चरण सख्या 1 में अंकित भूमि एंवम मौजूदा मौका नक्शा भूमि में विभिन्ता है, मौका स्थिति अनुसार किला न. 1 में राजकीय पशु चिकित्सालय एंवम बालाजी मन्दिर बने हुए है एंव किला न. 2 और 9 में जोहड़ बना हुआ है। जबकि राजस्व रिकॉर्ड में किला न. 2 / .088 है0, 9 / .253 है0 गै० मुमकिन दफ्तर दर्ज है मौका अनुसार किला न. 2 / 0. 088 है०, व किला न. 9 / .253 है0 कुल रकबा 0.341 है0 जोहड़ गै०मु० नगरपालिका टिब्बी का क्षेत्र है । किन्तु मौके पर नक्शा भूमि और राजस्व रिकॉर्ड के अंकन भूमि में विभिन्नता है जिस वजह से नगरपालिका अपने गै०मु० जोहड़ क्षेत्र का प्रयोग विधिसमत् विधिक प्रावधानों के अन्तर्गत करने में सक्षम नही हो रही है । जिससे उक्त क्षेत्र का विकास कार्य रूका हुआ हैं और आम नगरपालिका के व्यक्तियों को परेशानी हो रही है। वर्षा ऋतु में पानी निकासी की भंयकर स्थिति बन जाती हैं । इस स्थिति में मुताबिक मौका नक्शा के अनुकूल जोहड़ गै०मु० भूमि का अमलदरामद दर्ज नक्शा तरमीम राजस्व कागजात में नगरपालिका क्षेत्र टिब्बी का दर्ज किये जाने से राज्य सरकार द्वारा घोषित जनहित की सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने में उक्त शुद्धि का न्यायहित में होगी, जिससे भविष्य में क्षेत्र की अधिकारिता को लेकर किसी प्रकार से कोई सन्देहसमद स्थिति भी पैदा नही होगी । अप्रार्थी तहसीलदार राजस्व टिब्बी जो कि पदेन लेण्ड होल्डर राजस्थान सरकार के है उन्हें मुताबिक चरण संख्या दो में निवेदित तथ्यों के अनुकूल मौका स्थिति के अनुसार नक्शा में तरमीम किया जाकर उसी के अनुकूल मौका भूमि को दर्ज रिकॉर्ड राजस्व में नगरपालिका टिब्बी का किला न. 2 / .088 है० गै०मु० जोहड़ व 9 / .253 है0 गैर मुमकिन जोहड़ क्षेत्र दर्ज किये जाने का आदेश फरमाया जावें।

प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया। अप्रार्थी से मौका रिपोर्ट प्राप्त करने हेतु पत्र लिखा गया। अप्रार्थी सं0 1 से प्राप्त मौका रिपोर्ट के अनुसार जमाबंदी संवत् 2054 से 57 के खाता संख्या 2 / 2 में खसरा नम्बर 93 /3 में कुल रकबा 0. 759 हैक्टयर गै.मु. जोहड़ दर्ज राजस्व रिकार्ड में नामान्तकरण संख्या 435 दिनांक 29.05. 2001 किरम हुक्मन के द्वारा न्यायालय सिविल न्यायाधीश (क. ख.) भवन टिब्बी के नाम प.न. 201 / 284 (43) के किला न. 1 / 0.070 है. किला न. 2 में 0.230 है. व किला न. 9 में 0.118 हैक्टयर कुल रकबा 0.418 हैक्टयर स्वीकृत हुई जमाबंदी व नामा. की प्रतिलिपि संलग्न है । जमाबंदी संवत् 2062 – 65 के खाता संख्या 240 / 200 में

उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन सहायक कलेक्टर
टिब्बी

नामान्तरकरण संख्या 636 दिनांक 08.05.2006 के द्वारा आवास उपखण्ड मजिस्ट्रेट टिब्बी के नाम से 0.063 है. तथा शेष राजकीय आवास सिविल न्यायाधीश टिब्बी के नाम 0.355 है. दर्ज हुआ, जमाबंदी व नामा की चित्रप्रति संलग्न है । नामान्तरकरण संख्या 784 व 786 दिनांक 09.02.2009 के द्वारा कुल रकबा 0.418 हैक्टयर आराजीराज स्वीकृत हुआ । जमाबंदी संवत 2066–69 के खाता संख्या 295 / 240 के द्वारा आराजी – राज से नामान्तरकरण संख्या 924 दिनांक 05.08.2010 के द्वारा उपखण्ड एवं तहसील टिब्बी के राजस्व कर्मचारियों का आवास के नाम से प.न. 201 / 284 (43) कि.न. 1 / 0.070 है. किला. नं. 2 में 0.230 है. व किला न. 9 में 0.118 है. कुल रकबा 0.418 हैक्टयर स्वीकृत हुई जमाबंदी व नामान्तकरण की चित्रप्रति संलग्न है। वर्तमान जमाबंदी संवत 2075 – 78 के खाता संख्या 616 / 579 में उपखण्ड एवं तहसील टिब्बी के राजस्व कर्मचारियो का आवास के नाम से प.न. 201 / 284 (43) किला न. 1 / 0.070 है. किला न. 2 में 0.230 व किला न. 9 में 0.118 है. कुल रकबा 0.418 है. एवं खसरा न. 93 / 4 (प.न. 2012 /284 (43) किला न. 1 / 0.183 2/.023, 9/.135) कुल 0.341 हैक्टयर गै.मु. जोहड़ टिब्बी नगरपालिका के नाम दर्ज उक्त के कम में निवेदन है कि जमाबंदी संवत 2054–57 में दर्ज खसरा न. 93/3 में कुल रकबा 0.759 है. में श्रीमान जिला कलक्टर महोदय, के आदेश अनुसार 0.418 है. भूमि राजकीय आवास के लिए आरक्षित किये जाने के उपरांत गै. मु. जौहड़ के शेष रकबा 0.341 है. की मौका स्थिति एवं राजस्व नक्शे में भिन्नता है । राजस्व नक्शे अनुसार मु.नं. 43 के किला नं. 1 /.183 है. गै.मु. जोहड़ एवं 1/.070 है० गै. मु. दफत्र के नाम दर्ज है लेकिन मौका स्थिति अनुसार प.नं. 201 /. 284 (43) किला नं. 1 / 0.253 है0 में राजकीय पशु चिकित्सालय ( रिकार्ड में दर्ज नहीं, इस संबंध में पशु चिकित्सा विभाग से अनापति प्रमाण पत्र लिया जाना उचित होगा), हुए है, राजस्व नक्शे अनुसार कि.नं. 2 में 0.230 है., गै.मु. दफतर एवं 0.023 है0 गै.मु. जोहड़ दर्ज है जबकि मौका पर कि.नं. 2 में 0.253 गै. मु. जोहड़ बना हुआ है। राजस्व नक्शे अनुसार कि.नं. 9 में 0.118 है0 गै.मु.दफतर व 0.135 है0 गै.मु. जोहड़ दर्ज है जबकि मौका पर किला नं. 9/0.253 जोहड है । पटवार मंडल टिब्बी के चक 8 जीजीआर के प.नं. 201 / 284 मु.नं. 43 के किला नं. 2/0.088 है. दक्षिणी दिशा में एवं कि.नं. 9/.0253 है०, कुल रकबा गै. मु. जोहड़ तथा प.नं. 201 / 284 मु.नं. 43 के कि. नं. 1/0.253 है. गै. मु. दफतर 2/0.165 उतरी दिशा में गै.मु. दफतर, कुल 0.418 है0 गै. मु. दफ्तर किया जाना उचित है। एवं वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी टिब्बी ने अपने पत्रांक 135 दिनांक 06/08/2025 में भी मौका अनुसार रिकोर्ड दुरूस्त कर जोहड दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

बहस उभयपक्ष गई। पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। प्रस्तुत पत्रावली में प्राप्त तहसीलदार टिब्बी की मौका रिपोर्ट का अवलोकन किया गया मुताबिक तहसीलदार टिब्बी की रिपोर्ट खसरा न0 93/3 में कुल रकबा 0.759है0 में रकबा 0. 418है0 भूमि राजकीय आवास के लिए आरिक्षत किये जाने के उपरांत गै0मु0 जोहड़ के शेष रकबा 0.341है0 की मौका स्थिति एवं राजस्व रिकोर्ड में भिन्नता बतायी है। राजस्व नक्शे के अनुसार मु0न0 43 के किला न0 1/0.183है0 गै0मु0 जोहड़, एवं 1/0. 070है0 गै0मु0 दफ्तर दर्ज है लेकिन मौका स्थिति अनुसार प0न0 201/284 (43) किला न0 1/0.253है0 में राजकीय पशु चिकित्यालय जो रिकोर्ड में नहीं है बने हुए है। राजस्व नक्शे अनुसार किला न0 2 में 0.230है0 गै0मु0 दफ्तर एवं 0.023है0 गै0मु0 जोहड़ दर्ज है जबकि मौका पर किला 2 में 0.253है0 गै0मु0 जोहड़ बना हुआ है। राजस्व नक्शे अनुसार किला न0 9 में 0.118है0 गै0मु0 दफ्तर व 0.135है0 गै0मु0 जोहड़ दर्ज है जबकि मौका पर किला न0 9/0.253है0 जोहड़ बना हुआ है। अतः मौके अनुसार चक 8 जीजीआर के प.नं. 201 / 284 मु.नं. 43 के किला नं. 2/0.088 है. दक्षिणी दिशा में एवं कि.नं. 9/.0253 है०, कुल रकबा गै. मु. जोहड़ तथा प.नं. 201 / 284 मु.नं. 43 के कि. नं. 1/0.253 है. गै. मु. दफतर 2/0.165 उतरी दिशा में गै.मु. दफतर, कुल 0.418 है0 गै. मु. दफ्तर किया जाना उचित बताया है। इस प्रकार मुताबिक तहसीलदार टिब्बी रिपोर्ट एवं वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी टिब्बी के पत्रांक अनुसार प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार योग्य होने के कारण स्वीकार किया जाता है।

अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी अन्तर्गत धारा 131–136 एलआरएक्ट स्वीकार किया जाता है एवं तहसीलदार टिब्बी को आदेशित किया जाता है कि वे चक 8 जीजीआर के प.नं. 201 / 284 मु.नं. 43 के किला नं. 2/0.088 है. दक्षिणी दिशा में एवं कि.नं. 9/.0253 है०, कुल रकबा 0.341 है0 गै. मु. जोहड़ तथा प.नं. 201 / 284 मु.नं. 43 के कि.नं. 1/0.253 है. गै. मु. दफ्तर 2/0.165 उतरी दिशा में गै.मु. दफतर, कुल 0.418 है0 गै. मु. के नाम राजस्व रिकोर्ड में अंकन किया जावें एवं मौके अनुसार प्रस्तावित नक्शा (तहसीलदार टिब्बी द्वारा प्रस्तुत) के मुताबिक तरमीम की जाकर रिकोर्ड दुरूस्त किया जावें।

निर्णय आज दिनांक 8/8/25 मेरे द्वारा लिखवाया जाकर हस्ताक्षर एवं मुद्रा से जारी किया गया।

(सत्यनारायण )
R.A.S
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
टिब्बी जिला हनुमानगढ़